हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 18 देहरादून, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



बढ़ती उम्र के साथ आने वाली बीमारियों से बचने का तरीका बताएगा आयुष विभाग : डॉ अवनीश उपाध्याय 3

# पुष्कर धामी सरकार के तीन साल पूरे

## कहा-आप सभी का कोटि-कोटि आभार ! जय हिन्द, जय उत्तराखंड



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 5 जुलाई ।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल के कल बीते दिन तीन साल पूरे हो गए ।सफलता के तीन साल पूरे होने पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे देवभूमि उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में काम करने का जो दायित्व सौंपा गया उसको मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और प्रिय प्रदेशवासियों के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से कर पाया । इन तीन वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए ।सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने पहली बार किसी भी राजनीतिक दल को राज्य की स्थापना के बाद दूसरी बार सरकार में आने का अवसर प्रदान किया। हमने भी पहले दिन से संकल्प लिया था देवभूमि उत्तराखंड को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए।

मुख्यमंत्री ने छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों के बारे में कहा - नौजवान युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रियाएं पारदर्शी बनाई, नकल विरोधी अध्यादेश लेकर आए। पिछले 3 वर्षों में 14,800 सरकारी पदों पर भर्ती निकाली और सारी परीक्षाएं नकलविहीन हुई। नकल विरोधी अध्यादेश आने के बाद युवाओं में भरोसा बढ़ा, स्वरोजगार के क्षेत्र में काम हुआ, महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया गया।

**उत्तराखंड होगा 21वीं सदी का तीसरा दशक :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए, समाज के सबसे अंतिम छोर में खड़े हुए लोगों तक सुविधाएं पहुंचे, उनके जीवन को आसान बनाया जा सके, उसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम उत्तराखंड को हिंदुस्तान का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए, हिंदुस्तान का आदर्श राज्य बनाने के लिए और 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड को बनाने का लगातार प्रयास करेंगे। तीन साल का कार्यकाल पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीएम धामी ने एक्स पर लिखा,

**प्रिय प्रदेशवासियों, आप सभी के स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद से मुख्य सेवक के रूप में आज 3 वर्ष पूर्ण हुए हैं। जन-जन की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप इन वर्षों में देवभूमि उत्तराखण्ड के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य किया है और आगे भी इसी प्रकार प्रदेशवासियों के सर्वांगीण और सर्वस्पर्शी विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। एक ओर जहां तुष्टिकरण, लैंड जिहाद और जबरन धर्मान्तरण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर तथा राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कर देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़े हैं, वही दूसरी ओर भ्रष्टाचार, नकल माफिया और दंगाइयों पर नकेल कसकर प्रदेशवासियों के भविष्य को भी सुरक्षित किया है।**




मुख्यमंत्री ने लिखा है कि , "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज उत्तराखंड विकास और प्रगति के नए सोपान गढ़ रहा है। सुशासन के मार्ग पर चलते हुए उन्नति और समृद्धि की यह धारा निरंतर बहती रहे, इसके लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहा हूं। आइए हम सभी मिलकर सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण में सहभागी बनें। एक बार पुनः आप सभी का कोटि-कोटि आभार ! जय हिन्द, जय उत्तराखंड।"

## उत्तराखंड : मानसून मचाने लगा तबाही, अगले तीन दिन भारी बारिश का रेड अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 जुलाई : मौसम विभाग ने कुमाऊँ के छह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, यहाँ भारी से अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। जबकि गढ़वाल के चार जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है, शेष जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश होगी यहाँ के लिए येलो अलर्ट जारी है ।जुलाई का माह शुरू होते ही मॉनसून ने रफ्तार पकड़ ली है, पहाड़ों पर आसमानी आफत बरस रही है। भारी बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, बीते दिन भी मैदानी-पहाड़ी इलाकों में जमकर बारिश हुई। जिससे कई सड़कें बंद हो गई है यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है। भारी बारिश के चलते छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए कुमाऊँ की कई जिलों में स्कूल बंद थे और कुमाऊँ से लेकर गढ़वाल तक कुछ जिलों के विद्यालयों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।



मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से जारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अगले तीन दिनों तक नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर और उधम सिंह नगर जिले में भारी से अत्यंत भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है, वहीं हरिद्वार, टिहरी, देहरादून और पौड़ी जिले में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। जबकि चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन दिन कहीं-कहीं ओलावृष्टि के आसार हैं।

## यूसीसी : उत्तराखंड में अक्टूबर से सभी पर लागू ,पोर्टल का काम 90% हुआ पूरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,5, जुलाई यूसीसी पर बनाए जाने वाले पोर्टल का काम 90% पूरा हो गया है जिसको देखते हुए कहा जा रहा है किअक्तूबर से उत्तराखंड में कानून की नजर में सभी नागरिक समान होंगे।धामी सरकार जल्द ही नियम लागू करने की तारीख का एलान कर सकती है।राज्य में अक्तूबर से कानून की नजर में सभी एक समान होंगे। प्रदेश में अलग-अलग धर्मों के पर्सनल लॉ समाप्त हो जाएंगे जैसा कि सभी को मालूम है मुख्य तौर पर शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप और वसीयत के नियम सभी नागरिकों के लिए एक जैसे होंगे। यूसीसी कानून के लाभ जिस पोर्टल के जरिए आम लोगों को मिलेंगे, उस पोर्टल को यूजर फ्रेंडली बनाने का तकनीकी काम 90 प्रतिशत लगभग पूरा हो चुका है।

लोगों को आसानी से इस कानून का लाभ मिल सके इसके लिए पोर्टल का एप भी विकसित किया जा रहा है। यूसीसी की नियमावली बना रही समिति आगामी अक्तूबर तक नियमों को लागू करने की तैयारी में है। नियमावली बनाने का काम पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में गठित नौ सदस्यीय समिति कर रही है। इस



समिति को यह जिम्मा इसी साल फरवरी में दिया गया था।

**धामी सरकार जल्द करेगी तारीख का एलान :**

राज्य की धामी सरकार ने यूसीसी की नियमावली लागू करने के लिए अभी तक कोई तारीख निर्धारित नहीं की थी, केवल नियमों को जल्द लागू करने का दावा किया गया था लेकिन लोकसभा चुनाव के कारण काम रुक गया था। गठित समिति के अनुसार, यूसीसी सीधे सीधे आम लोगों से जुड़ा हुआ कानून है, जिसे पूरी तैयारी के साथ ही लागू किया जाए ऐसा सरकार का मानना है, इसकी नियमावली तैयार करने का काम लगभग 60 फीसदी पूरा हो चुका है, लेकिन उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है यू कि यूसीसी लागू करने वाले पोर्टल को यूजर फ्रेंडली बनाना, जिस पर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एजेंसी (आईटीडीए) का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा किया जा चुका है।

**अब विवाह, तलाक और लिव इन रजिस्ट्रेशन होगा आसान :** यूसीसी एक्ट के अन्तर्गत विवाह, तलाक और लिव इन में रहने वालों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है, इसलिए पोर्टल पर तीनों के पंजीकरण की प्रक्रिया को यूजर फ्रेंडली बनाया जा रहा है। इतना सरल सिस्टम बनाने की कोशिश है कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले स्वयं अपनी शादी, तलाक या लिव इन रिलेशन का पंजीकरण करवा सकेंगे। इसके साथ ही जो लोग इंटरनेट के जानकार नही हैं, वो स्थापित किए गए कॉमन सर्विस सेंटर से विवाह, तलाक और लिव इन के रजिस्ट्रेशन की सुविधा आसानी से ले सकते हैं।

# पातालपानी से कालाकुंड हफ्ते में तीन दिन दौड़ेगी ये हेरिटेज ट्रेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई : ट्रैक पर रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाएगा. इसके बाद महू-पातालपानी के बीच ब्रॉडगेज ट्रैक पर ट्रेन चलेगी. डॉ. आंबेडकर नगर से सनावद तक गेज कन्वर्जन का कार्य किया जा रहा है. इसमें डॉ. आंबेडकर नगर से पातालपानी रेलवे स्टेशन भी ब्रॉडगेज ट्रैक डाला गया है. इसका कार्य अभी शत प्रतिशत पूरा नहीं हुआ है।

इस ट्रैक पर सफर के दौरान यात्री पातालपानी स्टेशन, पातालपानी वाटर फॉल, वैली ब्रिज, कालाकुंड और चार टनल के रोमांच का लुत्फ उठाएंगे.रेलवे ने ट्रेन की स्पीड ट्रायल की ड्रोन कैमरों से वीडियोग्राफी की. पातालपानी में ब्रॉडगेज लाइन पर ट्रेन के स्टॉपेज के लिए प्लेटफार्म तो तैयार कर लिया गया है, लेकिन प्लेटफार्म तक ट्रैक पूरी



तरह नहीं लगाया गया है. पश्चिम रेलवे मंडल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विनीत गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों ने ट्रैक पर 110 किमी रफ्तार से डीजल लोको चलाकर ट्रैक का निरीक्षण किया.रेलवे द्वारा किए गए स्पीड ट्रायल की तीन ड्रोन कैमरों से वीडियोग्राफी भी की गई है।

माना जा रहा है कि ये हेरिटेज ट्रेन इस महीने के अंत से शुरू की जा सकती है, जो हफ्ते में तीन दिन (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) को चलेगी. इस ट्रेन से यात्री इंदौर से पातालपानी तक डेमू से सीधे जा सकेंगे. पातालपानी के बाद यात्री कालाकुंड तक का रोमांचक सफर विस्टाडोम वाली हेरिटेज ट्रेन से कर सकेंगे.मानसून में महू के पातालपानी रेलवे स्टेशन से कालाकुंड तक हेरिटेज ट्रेन का संचालन किया जाता है, जिसमें यात्रियों को पहाड़, घाट, नदी और कई तरह के सुंदर प्राकृतिक दृश्य देखने को मिलते हैं।

पहले यह हेरिटेज ट्रेन महू से संचालित की जाती थी. गेज कन्वर्जन कार्य के कारण इसका संचालन पातालपानी रेलवे स्टेशन से किया जाएगा.पातालपानी-कालाकुंड के बीच हेरिटेज ट्रेन में दो विस्टाडोम C-1 और C-2 (AC चेयर-कार) कोच और दो नॉन AC D-1, D-2 और D-3 कोच रहेंगे. इसके लिए यात्री को आने-जाने का अलग-अलग टिकट लेना होगा. विस्टाडोम के एक कोच में 60 सीटें हैं. इसमें AC चेयर- कार का 265 रुपए, जबकि नॉन AC चेयर-कार का किराया 20 रुपए रह सकता है. नॉन AC चेयर-कार के दो कोच हैं. टिकट की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से ऑनलाइन या रिजर्वेशन सेंटर से की जा सकती है. पातालपानी कालाकुंड हेरिटेज ट्रेन (52965) 11.05 बजे पातालपानी से चल कर 13.25 बजे कालाकुंड पहुंचेगी. वहीं, कालाकुंड पातालपानी हेरिटेज ट्रेन (52966 ) कालाकुंड से 15. 34 बजे और 16.30 पर पातालपानी पहुंचेगी।

# Karnprayag Rail Project में 'शिव' और 'शक्ति' दिखा रहीं कमाल


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 05 जुलाई : राष्ट्रीय एवं सामरिक महत्व की बहुप्रतीक्षित ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में सुरंगों की खोदाई व अन्य निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान निरंतर कीर्तिमान भी स्थापित हो रहे हैं। विशेषकर परियोजना की सबसे लंबी सुरंगों में काम कर रही दो टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) 'शिव' और 'शक्ति' हर माह नई इबारत लिख रही हैं।इन मशीनों से जून में रिकार्ड 796 मीटर सुरंग का निर्माण किया गया। इसमें 552 मीटर खोदाई 'शक्ति' और 244 मीटर खोदाई 'शिव' से की गई। इससे पहले मई तक इन मशीनों से हर माह औसतन 500 मीटर खोदाई की जा रही थी।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में देवप्रयाग (सौड़) से जनासू के बीच 14.5 किमी लंबी डबल ट्यूब (आने-जाने के लिए अलग-अलग सुरंग) सुरंग बनाई जा रही है। इन सुरंगों की खोदाई के लिए अत्याधुनिक टीबीएम का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कार्य को देश की प्रतिष्ठित कंपनी एलएंडटी अंजाम दे रही है। दोनों सुरंगों को मिलाकर कुल 29 किमी लंबाई में से 21 किमी की खोदाई टीबीएम और शेष आठ किमी की खोदाई न्यू आसट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से की जा रही है।एलएंडटी की ओर से खोदाई के लिए दो टीबीएम का उपयोग किया जा रहा है, जिन्हें 'शिव' और 'शक्ति' नाम दिया गया है। इनका व्यास 9.11 मीटर और लंबाई 140 मीटर है, जो 7.8 मीटर की फिनिश्ड लाइनिंग वाली सुरंगें बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं।शक्ति' ने 16 दिसंबर 2022 को और 'शिव' ने एक मार्च 2023 को खोदाई का कार्य शुरू किया था। 'शक्ति' ने अब तक 6.364 किमी से अधिक खोदाई कर मील का पत्थर स्थापित किया है, जबकि 'शिव' से 5.268 किमी से अधिक खोदाई की जा चुकी है। एलएंडटी के परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने बताया कि यह प्रगति इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन उत्कृष्टता में नया मानक स्थापित करती है। यह उपलब्धि आरवीएनएल और उत्तराखंड सरकार के सहयोग से संभव हो पा रही है।



# पिथौरागढ़ : दो महीने में 20,388 लोगों ने किए आदि कैलाश के दीदार



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 05 जुलाई : दो मई से एक जुलाई तक 20,388 यात्रियों ने आदि कैलाश, ओम पर्वत की यात्रा पूरी की है। जून में 10,597 यात्रियों ने आदि कैलाश, ओम पर्वत के दर्शन किए। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में यात्री पिथौरागढ़ पहुंचे हैं। बरसात के बाद इतनी संख्या में और यात्रियों के पहुंचने की उम्मीद की जा रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश के दर्शन के लिए आने के बाद इस साल बड़ी संख्या में पर्यटकों ने आदि कैलाश और ओम पर्वत का रुख किया है। मई से ही पर्यटकों के आने का क्रम शुरू हो गया था। ज ून में सर्वाधिक 10,597 यात्रियों ने आदि कैलाश, ओम पर्वत के दर्शन किए। पर्यटकों की अधिक संख्या को देखते हुए प्रशासन को 15 दिन के इनर लाइन परमिट की अवधि को घटाकर चार दिन करना पड़ा था। पर्यटकों की सुविधा के लिए पिथौरागढ़ जिला अस्पताल में भी परमिट और मेडिकल प्रमाण पत्र के लिए काउंटर स्थापित किया गया है।पहली बार दो माह में 20 हजार से अधिक पर्यटकों के आने से व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ी हैं इससे होटल और होम स्टे संचालकों में काफी खुशी है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र भट्ट ने बताया कि यह पहली बार हुआ जब पर्यटकों के आने से पिथौरागढ़ शहर के होटल भी पैक रहे। आगे भी पर्यटन कारोबार अच्छा चलने की उम्मीद है।पिछले तीन दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण सड़क बंद होने से वाहनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए इनर लाइन परमिट जारी करने बंद कर दिए हैं। धारचूला के एसडीएम मंजीत सिंह के अनुसार इस समय सड़क बंद है। सुरक्षा को देखते हुए परमिट जारी करने पर रोक लगाई गई है। मौसम ठीक होने के बाद परमिट जारी किए जाएंगे।

# 272 किलोमीटर पटरी बिछाने के लिए रेलवे बना रहा 927 पुल, 38 सुरंगों से गुजरेगी ट्रेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई : भारतीय रेलवे कमाल का ट्रैक बना रहा है. जब प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा तो पहली बार यह शहर देश के अन्य हिस्सों से रेल के जरिये जुड़ेगा. अभी यहां तक पहुंचने के दो ही रास्ते हैं या तो आप सड़क मार्ग से जाओ, जो कि काफी दुर्गम है और मौसम खराब होने पर बंद हो जाता है. दूसरा है फ्लाइट से जाने का जो खर्चीला पड़ता है. लेकिन, रेलवे ने अब सस्ता और जल्दी तय होने वाला रास्ता निकाल लिया है. पटरी बिछाने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है. आपको जानकर हैरानी होगी कि 272 किलोमीटर के इस ट्रैक को बिछाने के लिए भारतीय रेलवे ने 927 पुल बनाए हैं।

पहाड़ों के बीच तय होने वाला यह पूरा सफर आपको किसी यूरोपीय देश जैसा अहसास कराएगा, जब खूबसूरत वंदे भारत ट्रेन इन हसीन वादियों से गुजरेगी तो आपको मंजिल तक पहुंचने का मन ही नहीं करेगा. रेलवे ने सिर्फ पुल ही नहीं बनाए हैं, बल्कि करीब 3 दर्जन सुरंगों का भी निर्माण कराया है. 272 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए



आपकी ट्रेन 38 सुरंगों से गुजरेगी. जरा अंदाजा लगाइए कितना खूबसूरत मंजर और सफर होगा. जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाले इस रेलवे प्रोजेक्ट पर काम साल 2002 में शुरू हुआ था और 2024 के आखिर तक इस पर ट्रेन दौड़ाने का प्लान है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि रेलवे ने इस ट्रैक पर कुल 38 टनल यानी सुरंगें बनाई हैं, जिसकी कुल दूरी 119 किलोमीटर है. इसका मतलब हुआ कि आपकी ट्रेन 119 किलोमीटर तक सुरंगों में ही चलेगी. इसमें से एक सुरंग जिसका नाम टी-49 है, अकेले ही 12.75 किलोमीटर की है. इसे देश की सबसे लंबी सुरंग भी माना जा रहा है। जैसा कि हमने आपको बताया कि इस ट्रैक को पूरा करने के लिए रेलवे को 927 पुल बनाने पड़े हैं, जिसकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है. इसमें से एक पुल तो अकेले ही 1,315 मीटर का है. इसकी खास बात ये है कि 467 मीटर आर्क पर टिका यह पुल नदी की सतह से 359 मीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है. इसे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी माना जा रहा है. इतना ही नहीं रेलवे ने इस ट्रैक पर पहला केबल ब्रिज भी बनाया है।

# एसडीएम ने परखे बरसाती पानी की निकासी के इंतजाम

ऋषिकेश। श्यामपुर और आसपास की ग्रामसभाओं में बरसाती पानी की निकासी के इंतजामों को परखने के लिए गुरुवार को एसडीएम ने निरीक्षण किया। उन्होंने खदरी में खस्ताहाल सड़क की स्थिति को सुधारने के लिए संबंधित अधिकारियों को फौरी तौर पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के माध्यम से नालों की सफाई भी शुरू कराई। गुरुवार सुबह से एसडीएम कुमकुम जोशी श्यामपुर पहुंचीं। उन्होंने बरसाती पानी की निकासी के लिए बने नालों का जायजा लिया। कई स्थानों पर खराब सड़कों पर फिलहाल आरबीएम के माध्यम से मरम्मत करने के निर्देश दिए। खासकर खदरी में बदहाल सड़कों की हालत को शीघ्र सुधारने के लिए जिला पंचायत और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी गांव में एक सड़क पर अतिक्रमण को भी एसडीएम ने निरीक्षण में ही हटवा दिया। घेरबाड़ से सड़कों को पहुंची क्षति की भरपाई भी 24 घंटे के भीतर कर अवगत कराने का अल्टीमेटम संबंधित को दिया। एसडीएम ने बताया कि भल्लाफार्म में नाले की सफाई को लेकर कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया। पुलिस फोर्स के माध्यम से उन्हें शांत कराते हुए सफाई के कार्य को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बताया कि किसी भी क्षेत्र में जलभराव न हो, इसके लिए हर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को भी इस बाबत सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महान दार्शनिक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर देश की युवा शक्ति प्रगति पथ पर आगे बढ़कर राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान दे रही है। उनके विचारों का अनुसरण कर सभी को समाजसेवा के लिए नवचेतना का संचार करना होगा।

# बढ़ती उम्र के साथ आने वाली बीमारियों से बचने का तरीका बताएगा आयुष विभाग : डॉ अवनीश उपाध्याय

## वृद्धावस्था जन्य रोगों में आयुष का हाथ आपके साथ, बुजुर्गों के लिए लगेगा स्वास्थ्य शिविर






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ रसायन द्रव्यों के सेवन से होता है धातुओं का पोषण : डॉ घनेंद्र वशिष्ठ

■ आचार रसायन एवं सद्वृत्त पालन स्वस्थ मन और शरीर के लिए जरूरी: डॉ अश्वनी कौशिक

हरिद्वार 05 जुलाई : हरिद्वार जनपद के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय आयुष मिशन की योजना के अंतर्गत आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ अवनीश उपाध्याय ने कहा कि इस शिविर में गठिया, घुटने का दर्द, कमर दर्द, कमजोरी, पेट के रोग यथा कब्ज, बीपी, शुगर, आंख व कान की कमजोरी, प्रकृति परीक्षण, आहार विहार दिनचर्या सम्बन्धी परामर्श, सामान्य जांच सुविधाएं, अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, योग परामर्श, पंचकर्म परामर्श एवं निःशुल्क औषधि वितरण की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ स्वास्तिक सुरेश के निर्देशन में वृद्ध जन स्वास्थ्य शिविर जिले के आयुष हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों जगजीतपुर, हल्लू माजरा, मिर्जापुर, गैंडी खाता, दौलतपुर, बहादराबाद, बिहारी नगर, सालियर, डाडा जलालपुर, बहादरपुर खादर और भोगपुर में लगाया जाएगा।

बताते चलें कि शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं व पुरुषों की जांच एवं चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। शिविर के बाद भी बुजुर्गों की नियमित रूप से अस्पताल में जांच की जाएगी। चिह्नित मरीजों को निःशुल्क आयुष चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में वृद्धावस्था के दौरान हल्के नियमित रूप से योग एवं व्यायाम करने, संतुलित भोजन, पूरी नींद लेना, दैनिक दिनचर्या के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ घनेंद्र वशिष्ठ बताते हैं कि रसायन द्रव्यों के सेवन से वृद्धावस्था में धातुओं का पोषण होता है जो शरीर को पुनर्जीवित करने और दीर्घायु प्रदान करने में मदद करती हैं। वृद्धावस्था में अश्वगंधा, अर्जुन, पुनर्नवा, शिलाजीत, ब्राह्मी, पुष्करमूल, हल्दी आदि का सेवन लाभदायक होता है। आयुर्वेदाचार्य डॉ अश्वनी कौशिक कहते हैं कि आचार रसायन एवं सदवृत्त पालन से रसायन सेवन के सभी फल प्राप्त होते हैं। सच बोलने, क्रोध न करने, मदिरा पान न करने, ब्रह्मचर्य का पालन, अहिंसा, अत्यधिक परिश्रम न करने, प्रिय बोलने, आहार में घी दूध का सेवन, आत्म-संयम और नियमित रूप से अध्ययन करने से स्वस्थ मन और शरीर की प्राप्ति होती है।

12 जुलाई को जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में डॉ घनेंद्र वशिष्ठ, डॉ भास्कर आनंद, डॉ विक्रम रावत, डॉ नवीन दास, डॉ मोनिका प्रभाकर, डॉ मनीषा चौहान, डॉ श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ आरती पाठक, डॉ फराज खान, डॉ बीरेंद्र रावत, डॉ अश्विनी कौशिक आदि चिकित्सकों द्वारा शिविर का संचालन किया जाएगा।

## सरकार की नीतियों के कारण हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा : रेखा आर्या

चमोली। सम्मेलन में महिला बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने दावा किया कि भाजपा रिकॉर्ड मतों से बदरीनाथ उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के हित में कई काम किए गए। सरकार की नीतियों के कारण हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे ज्यादा चिंता मातृशक्ति की करती है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हिमानी वैष्णव ने कहा देश की मातृशक्ति का आशिर्वाद, स्नेह हमेशा भाजपा के साथ रहा है। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में विकास के लिए कुछ लक्ष्य रखें हैं। उनका उद्देश्य है कि विकास का लाभ विधानसभा के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। खासतौर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक कार्य करना है।

## विधानसभा के पुस्तकालय में शामिल होंगी हेमचंद सकलानी की पुस्तकें

विकासनगर। वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद सकलानी की ओर से खुद की लिखी 16 से अधिक पुस्तकों को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी को भेंट किया। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि इन पुस्तकों को विधानसभा के पुस्तकालय में सम्मिलित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सकलानी को बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी ने कहा है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। जिसमें समाज में होने वाली हर घटना को साहित्यकार अपने शब्दों में समाज को दिशा देने के लिए व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा है कि वरिष्ठ साहित्यकार हेमचंद सकलानी ने 16 से अधिक पुस्तक लिखकर उत्तराखंड के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान का परिचय देश और दुनिया से कराया। साथ ही सकलानी ने देश-विदेश में अपने यात्रा वृंद के आधार पर उन्होंने जो देखा वह अपने पुस्तक में लिखा जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कहा कि उन्होंने हमेशा प्रकृति और भारतीय संस्कृति के अनुरूपी पुस्तक लिखी है। जो शोध पूर्ण है। उन्होंने सकलानी द्वारा लिखी गई सभी पुस्तकों को विधानसभा के पुस्तकालय में शामिल की हैं।

## बदरीनाथ नगर पंचायत ने प्लास्टिक कचरे से की 2 लाख 61 हजार की आय

चमोली। बदरीनाथ धाम में प्लास्टिक वेस्ट को नगर पंचायत प्रशासन ने आय का बेहतर संसाधन बना लिया है। यहां इस वर्ष अब तक नगर पंचायत की ओर से धाम में बिखरे प्लास्टिक कचरे का विपणन कर 2 लाख 61 हजार 500 रुपये की आय अर्जित कर ली है। जिससे जहां एक ओर धाम प्लास्टिक कचरे से मुक्त हो रहा है। वहीं नगर पंचायत को आय प्राप्त हो रही है।बद्रीनाथ धाम की सफाई का जिम्मा नगर पंचायत बद्रीनाथ का है। जिसके लिए नगर पंचायत की ओर से 45 पर्यावरण मित्रों की तैनाती मुख्य नगर क्षेत्र, 22 की मंदिर परिसर में तैनाती की है। इसके साथ ही नगर से निकलने वाले कचरे के कॉम्पेक्टिंग, कम्पोस्टिंग और सेग्रीगेशन के लिए 15 कर्मचारियों की तैनाती की है। जिनके माध्यम से कचरे को एकत्रित कर ब्लॉक बनाकर विपणन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि बीते 15 दिनों में पंचायत प्रशासन की ओर से करीब 12 टन प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कर 1 लाख 35 हजार की आय अर्जित की है। जबकि यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक बदरीनाथ धाम से 31 टन कचरे का निस्तारण कर 2 लाख 61 हजार 500 रुपए की आय प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर उन्हें कॉम्पेक्टर मशीन से ब्लॉक बनाकर अनुबंध मूल्य पर विपणन किया जा रहा है।

# उत्तराखंड आने-जाने वाली ट्रेन पांच अगस्त तक निरस्त रहेंगी, कुछ ट्रेनों के बदले गए रूट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 05 जुलाई : रेलवे ने हरिद्वार, देहरादून, काठगोदाम और टनकपुर से चलने वाली कई ट्रेनों को पांच अगस्त तक निरस्त कर दिया है। यार्ड रिमॉडलिंग के चलते यह फैसला लिया गया है।

रेलवे प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि उत्तराखंड के देहरादून और काठगोदाम से चलने वाली कई ट्रेनें अगले कुछ दिनों के लिए निरस्त रहेंगी। क्योंकि मुरादाबाद मंडल के शाहजहांपुर-लखनऊ और रोजा-सीतापुर सिटी डबल रेल लाइन सेक्शन में रोजा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का काम चल रहा है। इस कारण 7 जुलाई से 5 अगस्त के बीच प्री नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन इंटरलॉकिंग ब्लॉक के चलते कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों को पुनर्निर्धारित कर चलाया जाएगा। इस वजह से उत्तराखंड से चलने वाली कई रेलगाड़ियों के संचालन पर प्रभाव पड़ेगा।



रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस प्री नॉन इंटरलॉकिंग के कारण 21 जुलाई से 31 जुलाई के बीच केवल तीन दिन, यानी 23, 27 और 30 जुलाई को चलेगी बाकी दिन यह ट्रेन रद्द रहेगी। इसके अलावा अगस्त में भी यह ट्रेन 1 अगस्त से 4 अगस्त तक रद्द रहेगी। हालांकि इस दौरान 3 अगस्त को यह ट्रेन संचालित की जाएगी। ट्रेन संख्या 15044 काठगोदाम-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस भी इसी स्थिति में है। यह ट्रेन 22 जुलाई से 5 अगस्त तक रद्द रहेगी। हालांकि इस दौरान 24 जुलाई, 28 जुलाई, 29 जुलाई और 4 अगस्त को इस ट्रेन का संचालन किया जाएगा।

2. इसके अलावा ट्रेन संख्या 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस (SGRL-TPU) भी 1 अगस्त से 6 अगस्त के बीच रद्द रहेगी। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलती है। साथ ही ट्रेन संख्या 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस 31 जुलाई से 5 अगस्त तक रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन संख्या 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस (TPU-SKTN) 31 जुलाई से 4 अगस्त तक रद्द रहेगी।

3. टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस (TPU-SGRL) भी 31 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी। रेलवे के अनुसार, हावड़ा से देहरादून जाने वाली 12369 एक्सप्रेस ट्रेन 31 जुलाई, 1 अगस्त, 3 अगस्त, और 4 अगस्त को शॉर्ट टर्मिनेट करते हुए लखनऊ से संचालित की जाएगी। वहीं 12370 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन 1 अगस्त, 2 अगस्त, 4 अगस्त और 5 अगस्त को शॉर्ट ओरिजिनेट करते हुए लखनऊ से हावड़ा के लिए प्रस्थान करेगी। हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस (12327) 2 अगस्त को लखनऊ से ओरिजिनेट होगी। इसी तरह 12328 देहरादून-हावड़ा एक्सप्रेस 3 अगस्त को लखनऊ से शॉर्ट ओरिजिनेट की जाएगी।

# तीसरी संतान होने पर छिन गई ग्राम प्रधान की कुर्सी, झूठे शपथ पत्र की खुली पोल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 05 जुलाई : ग्राम प्रधान प्रतीतनगर अनिल कुमार पिवाल पर आरोप है कि उनकी तीन संतानें हैं, उन्होंने वर्ष 2019 में एक संतान दिखाते हुए झूठा शपथ पत्र भरकर निर्वाचन आयोग के सामने पेश किया था। जांच के बाद प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उन्हें ग्राम प्रधान के पद से निलंबित कर दिया गया है।

बबीता कमल कुमार निवासी प्रतीतनगर (रायवाला) ने 11 अप्रैल 2023 को राज्य निर्वाचन आयोग, सचिव पंचायती राज और जिलाधिकारी को शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान अनिल कुमार पिवाल की तीन संतानें हैं। उनका कहना है कि 2019 के पंचायत चुनाव के दौरान अनिल कुमार ने झूठा शपथ पत्र निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया था। उस समय उनकी दो संतानें थीं, लेकिन शपथ पत्र में उन्होंने केवल एक संतान का ही उल्लेख किया। प्रधान निर्वाचित होने के बाद 10 मार्च 2022 को उनकी तीसरी संतान भी हुई।



उत्तराखंड पंचायत राज नियमों के अनुसार तीन संतान वाला व्यक्ति ग्राम प्रधान के पद पर बने रहने का पात्र नहीं होता है। इस शिकायत के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसने प्रकरण की जांच की। टीम ने नगर निगम ऋषिकेश, स्वास्थ्य केंद्र रायवाला, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र मसूरी से भी जानकारी प्राप्त करके जिला पंचायत राज अधिकारी ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी और प्रथम दृष्टया उन्हें दोषी पाया गया है। उनकी ओर से प्रस्तुत किए गए, जवाब भी संतोषजनक नहीं पाए गए, जिस कारण एक जुलाई को उन्हें निलंबित कर दिया गया। अब फाइनल जांच के लिए एक नई समिति गठित की जाएगी।

# उत्तराखंड सरकार ने निकाली बंपर भर्ती करीब 1000 पदों के लिए आवेदन शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 05 जुलाई : उत्तराखंड में बीआरपी, सीआरपी शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. उत्तराखंड में बीआरपी, सीआरपी भर्ती प्रक्रिया के जरिए शिक्षकों के कुल 955 पदों को भरा जाएगा. इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rojgarprayag.uk.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं. इस भर्ती की सबसे खास बात है कि इसके लिए सेवानिवृत्त शिक्षक भी आवेदन कर सकते हैं. सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए 10 प्रतिशत सीटें रिजर्व हैं. पिछले हफ्ते ही राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बीआरपी-सीआरपी के 955 पदों पर इच्छुक उम्मीदवार सेवायोजन विभाग के रोजगार प्रयाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. आवेदन की प्रक्रिया मात्र दो हफ्ते चलेगी।

उत्तराखंड शिक्षक भर्ती के जरिए राज्य में शिक्षकों के कुल 955 रिक्त पदों को भरा जाएगा. इसमें बीआरपी के 285 पद और सीआरपी के 670 पद शामिल हैं। उत्तराखंड बीआरपी पदों के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से 55 प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर या पीजी डिग्री होना जरूरी है. वहीं सीआरपी पद के लिए उम्मीदवार का 55 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी विषय में पीजी डिग्री होना चाहिए. इसके साथ ही उसके पास बीएड डिग्री के साथ-साथ सीटीईटी होना चाहिए. इसके अलावा कंप्यूटर पर काम करने की क्षमता हो। उत्तराखंड बीआरपी-सीआरपी भर्ती 2024 के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम उम्र 21 साल और अधिकतम उम्र 42 साल होनी चाहिए. सेवानिवृत्त शिक्षकों की अधिकतम उम्र 65 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।




## संक्षिप्त खबरें

### रुद्र सेना ने जुलूस निकाल नगर पालिका में किया प्रदर्शन

विकासनगर। जौनसार बावर के युवक के साथ मारपीट कर पत्थर से आंख फोड़कर गंभीर घायल करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। विकासनगर में गुरुवार को मामले को लेकर महौल गर्माया रहा। रुद्र सेना के कार्यकर्ताओं ने जहां डाकपत्थर तिराहे से लेकर नगर पालिका तक जुलूस निकाल आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई, वहीं जौनसार-बावर के युवकों ने भी कोतवाल का घेराव कर तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। चेतावनी दी कि अगर 12 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और फड़-ठेली नहीं हटी तो शुक्रवार को विकासनगर बाजार बंद रख आंदोलन किया जाएगा। विदित है कि बीते बुधवार की देर शाम को विकासनगर बाजार में एक ठेली पर फल खरीदने के दौरान मोलभाव को लेकर हुए मामूली विवाद में फल खरीद रहे युवक नीटू चौहान पर पत्थर और लोहे के बाट से हमला कर ठेली वाले ने एक अन्य के साथ मिलकर उसकी आंख फोड़कर गंभीर घायल कर दिया था। जिसके लेकर लोगों ने बाजार में जाम लगाकर जमकर हंगामा किया था। जिस पर पुलिस को लाठियां भांजकर जाम को खुलवाना पड़ा। गुरुवार को भी इस मामले को लेकर विकासनगर में दिनभर माहौल गर्माया रहा। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने और बाजार में लग रही अवैध फड़ ठेली वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने से आक्रोशित रुद्र सेना के कार्यकर्ताओं ने संस्थापक राकेश उत्तराखंड के नेतृत्व में डाकपत्थर तिराहे से लेकर नगर पालिका तक जूलूस निकाल नगर पालिका में जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया। तहसीलदार विकासनगर को सौंपे ज्ञापन में रुद्रसेना के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाहरी प्रदेशों से बड़ी संख्या में आकर लोगों ने विकासनगर बाजार में ठेली फड़ लगा रखी है। जिनमें कई आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। जिनका न तो पुलिस ने कोई सत्यापन किया है और नहीं उनके बारे में कोई जानकारी है। रुद्रसेना ने आरोप लगाया है कि पालिका ने बेहिसाब लोगों को लाइसेंस जारी किए हैं। कहा कि कई स्थानीय लोगों ने भी अपने नाम पर ठेली फड़ के लाइसेंस लेकर बाहरी लोगों को अपने लाइसेंस देकर ठेलियां लगाई हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आपराधिक प्रवृति के लोग स्थानीय लोगों के साथ मारपीट, अभद्रता करने के साथ ही महिलाओं के साथ छेड़खानी जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं। कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण करना अपराध है। ऐसे में हाईवे स्थित विकासनगर बाजार में कैसे ठेली फड़ लगाए जा रहे हैं। कहा कि नगर पालिका सभी ठेली-फड़ बाजार से हटाकर इनके लिए कहीं अन्यत्र वैकल्पिक व्यवस्था करे और ऐसे लोगों को ही लाइसेंस दे जिनका आपराधिक रिकार्ड न हो। चेतावनी दी है कि यदि गुरुवार देर शाम तक समस्त ठेली फड़ विकासनगर बाजार से न हटे तो शुक्रवार को विकासनगर बाजार बंद कराएंगे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया

विकासनगर। वन विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को चकराता तहसील के लाखामंडल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में वन महोत्सव आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग के कर्मचारी, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग। इस दौरान कई प्रजाति के पौधे रोपकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और वन विभाग के कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज सेवकों ने बढ़-चढ़कर मानसून सीजन में पौधरोपण करने की अपील भी की। साथ ही लोगों को पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण करने में योगदान के प्रति जागरूकता किया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की मंडल उपाध्यक्ष क्वासी बचना शर्मा ने पौधरोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है। इसीलिए बच्चों को हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधरोपण कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकों के साथ छात्र-छात्राएं, विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष भगत राम शर्मा, मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा ओम प्रकाश, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रामस्वरूप सेमवाल, वन बीट अधिकारी जयपाल राणा, गोविंद पंवार, चंदन चौहान आदि मौजूद रहे।

### साहिया क्षेत्र में चार माह से गुलदार की दहशत

विकासनगर। सहिया क्षेत्र में चार महीने से गुलदार दहशत का पर्याय बना हुआ है। इस दौरान गुलदार पशुपालकों की कई बकरियों को अपना निवाला बना चुका है। स्थानीय लोग गुलदार को पकड़ने के लिए लगातार पिंजरे लगवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग आंखें मूंदे बैठा है। न तो आज तक पिंजरे लगाए न क्षेत्र में कोई गश्त की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश है। साहिया गोशाला और उसके आसपास के गांव और छानियों में गुलदार ने डेरा जमा रखा है। दो गुलदार आए दिन पशुपालकों को दिखते हैं, जिससे ग्रामीण दहशत में है। यह गुलदार साहिया क्षेत्र में निराश्रित गोवंश के लिए बनाई गौशाला में सबसे ज्यादा खतरा बना हुआ है। क्योंकि रात्रि के समय गुलदार उसके आसपास ही दिखाई दे रहा है। फरवरी माह में गुलदार ने गोवंश पर हमला किया था। तीन गायों को गुलदार ने अपना निवाला बनाया था। इसके कुछ दिन सड़क तक तो वन विभाग की टीम आई, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से कोई कार्य नहीं किया।

# किसी स्वर्ग से कम नहीं है यह हिल स्टेशन, खूबसूरती ऐसी शिमला-मनाली भी फेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई : राजस्थान का नाम सुनते ही लोगों को गर्मी की याद आती है. दूर-दूर तक फैली रेत और तपती धूप. पर राजस्थान में भी एक ऐसा पर्यटन स्थन है, जो उत्तराखंड के पहाड़ों को भी टक्कर देता है. हम बात कर रहे हैं माउंट आबू की, जिसे राजस्थान का शिमला भी कहा जाता है. बारिश के बाद यहां की वादियों का नजारा मन मोह लेने वाला हो जाता है. चारों तरफ हरियाली और पहाड़ों में छाई हुई धुंध पर्यटकों को काफी आकर्षित लगती है. वीकेंड पर तलहटी और माउंट आबू मार्ग पर काफी भीड़ भाड़ लगती है।

माउंट आबू में लगी लोगों की भीड़

माउंट आबू के नक्की लेक, देलवाड़ा, गुरूशिखर मार्ग पर भी पर्यटकों की चहल-पहल नजर आई. पर्यटकों का कहना था कि माउंट आबू में इन दिनों शिमला व कुल्लू मनाली जैसा मौसम हो रहा है. चारों तरफ पहाड़ों में बारिश के बाद धुंध नजर आ रही है. तापमान में भी गिरावट आने से गर्मी से काफी राहत है. इस मौसम का पर्यटक खूब लुत्फ उठा रहे हैं. सूरत से आए पर्यटक ने बताया कि एक बार माउंट आबू आकर सभी को देखना चाहिए. यहां का मौसम कुल्लू मनाली और शिमला जैसा है. वह हर वर्ष बारिश में यहां घूमने आते हैं।

बारिश का सीजन शुरू होने के साथ ही माउंट आबू की पहाड़ियों से कल-कल बहने वाले झरने भी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं. तलहटी से माउंट आबू जाने वाले मार्ग पर वाघ नाला, सात घूम, आरणा समेत विभिन्न स्थानों पर ये झरने बारिश में नजर आते हैं. वहीं, माउंट आबू पहाड़ों की तलहटी में ऋषिकेश और गंगाजलिया के झरने पिकनिक स्पॉट के रूप में फेमस हैं. इन जगहों पर स्थानीय रहवासियों के अलावा अन्य जिलों और राज्यों से भी पर्यटक आते हैं। माउंट आबू आप उदयपुर से भी जा सकते हैं. यहां पहुंचने के लिए सबसे पहले आबू रोड रेलवे स्टेशन है. इसके अलावा कई राज्यों में माउंट आबू रोड के लिए बस भी चलती हैं।



# जन्नत से कम नहीं यह हिलस्टेशन, यहां के खूबसूरत नजारों को देख दिल हो जाएगा खुश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 05 जुलाई : नैनीताल से लगभग 13 किमी की दूरी पर पंगोट स्थित है. बेहद शांत और सुंदर ये नैनीताल के पास एक हिल स्टेशन है. यहां आने वाले पर्यटक यहां की सुंदरता और स्वच्छ आबो हवा को बेहद पसंद करते हैं.वैसे तो ये नैनीताल के पास छोटा सा हिल स्टेशन है, लेकिन यहां के नजारे आपके दिल को छू जाएंगे. प्रकृति की गोद में बसी ये जगह आपको प्रकृति के और भी करीब लेकर जाएगी.समुद्रतल से लगभग 6510 फीट की ऊंचाई पर पंगोट बेहद शांत और सुंदर है। आप नैनीताल जिला मुख्यालय से महज आधे घंटे में ही यहां पहुंच जाएंगे और यहां पहुंचने पर यहां की नेचुरल ब्यूटी देख आप नैनीताल को भी भूल जाएंगे.पंगोट बर्ड वाचिंग के लिया काफी प्रसिद्ध है. यह प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा स्थान है. यहां आपको कई तरह के पक्षी देखने को मिल जाएंगे. यहां कई ऐसे दुर्लभ पक्षी भी आपको देखने को मिल जाएंगे। स्थानीय पक्षी प्रेमियों की मानें तो यहां आपको 100 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां देखने को मिल जाएगी.नैनीताल से पंगोट तक का सफर भी रोमांच से भरा हुआ है. खूबसूरत जंगल के बीच टेढ़े मेढ़े रास्तों के बीच से होकर आप पंगोट तक पहुंचते हैं. पूरे रास्ते आप विराट हिमालय के सुंदर नजारों का दीदार करते हैं. यहां से दिखने वाली पूरी हिमालय रेंज आपके दिल को छू जाएगी।

# सड़कें छोड़िए जनाब यहां तो पूरा रेलवे स्टेशन ही डूब गया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई : दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई. कई इलाके तो जलमग्न हो गए. सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया. उत्तराखंड के हल्द्वानी में जबरदस्त बारिश देखने को मिली. यहां लालकुआं में तो इतनी बरसात हुई कि रेलवे स्टेशन की पटरियां पानी में डूब गईं. स्टेशन पर पानी भरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा, नैनीताल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में हल्द्वानी में 111 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई. बारिश के चलते गली, मोहल्लों में पानी भर गया.

रेलवे स्टेशन की पटरियां पानी में डूब गईं. हल्द्वानी होकर गुजरने वाले सभी रास्ते पानी भरने के कारण बंद हो गए ,पूरे इलाके में पानी भरने से प्रशासन हरकत में आ गया है. सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी अपनी पूरी टीम के साथ पानी निकासी की व्यवस्था देख रहे हैं. जेसीबी मशीन और पंपसेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है. रकसिया नाला, देवखड़ी नाला, कलसिया नाला सहित कई इलाकों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। दिल्ली में भी बारिशराष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी कई इलाकों में बारिश हुई जिससे लोगों को उमस से राहत मिली. मौसम विभाग ने जारी अपनी अधिसूचना में कहा कि दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर में भारी वर्षा हो सकती है, गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।

6 दिन पहले आया मानसूनआमतौर पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में प्रवेश कर जाता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है. मानसून 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटने लगता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी एक स्टेट हाईवे सहित 15 सड़कें बारिश से बंद

पौड़ी। जिले में रुक-रुक कर बारिश होने की वजह से सड़कों पर मलबा आ रहा है। बुधवार को जिले में जहां पांच सड़कें बंद रही है, वहीं गुरुवार को इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई और 15 सड़कों पर मलबा आने से इन पर आवाजाही नहीं हो सकी। बंद सड़कों में स्टेट हाईवे लक्ष्मणझूला -रथुवाढ़ाब-धुमाकोट सहित सिंराई- जौली, ऐता -चरेख, गैंडखाल-कटघर, चिनबौ संपर्क मार्ग, नैनीडांडा -शंकरपुर, जडाऊखांद-मजैंडाबैंड, द्वारी- सिलगांव आदि सड़कें शामिल है। लोनिवि ने बंद सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिक्षकों की मदद लेगा स्वास्थ्य विभाग

पौड़ी। एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि जिले के सभी 1183 राजस्व गांवों में पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। लोगों की आवश्यकता के अनुसार आधार कार्ड भी अपग्रेड और नए बनाए जा सकेंगे। बताया कि इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग से मदद ली जा रही है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड की जरूरी जानकारियां देगी। इसके बाद शिक्षक ही अपने स्कूल और आसपास के बच्चों के कार्ड ऑनलाइन बना पाएंगे। गूगल प्ले-स्टोर से आयुष्मान कार्ड ऐप को डाउनलोड करके भी मोबाइल से इसे बनाया जा सकता है। बताया कि इस कार्य में स्वास्थ्य के 173 सामुदायिक स्वास्थ्य अफसर भी सहायता करेंगे। यह कार्यक्रम जिले के सभी स्कूलों में संचालित होगा।

### अतिरिक्त रसद की व्यवस्था कर रहा विभाग

पौड़ी। प्रभारी डीएसओ मोहन लाल वर्मा ने बताया कि सभी गोदामों में राशन पहुंचाया जा रहा है। जबकि यमकेश्वर ब्लाक के कांडी, बड़ेथ, चैलूसैंण, गैंडखाल, देवराड़ी देवी, पौखाल आदि क्षेत्रों के लिए राशन पहुंचाया जा चुका है। इसके अलावा कोटद्वार में दो, पाबौ, चाकीसैंण में चार-चार थलीसैंण के जड़ाऊखांद आदि जगहों पर सरकारी गोदामों में अतिरिक्त राशन की व्यवस्था की गई है। बताया कि इन क्षेत्रों में पेट्रोल दो हजार और पांच हजार लीटर डीजल के साथ ही 200 रसोई गैस सिलिंडर का बैकअप में रखने को कहा गया है।

### बीरोंखाल के जोगीमढ़ी में पेयजल संकट

पौड़ी। बीरोंखाल क्षेत्र में पेयजल संकट बना हुआ है। जल संस्थान लोगों की मांग पर ट्रैंकर से पानी की आपूर्ति कर रहा है। लोगों ने आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है। जलसंस्थान के जेई सौरभ पांडे ने बताया कि जोगीमढ़ी, वेदीखाल सहित अन्य क्षेत्रों से अभी भी पानी की डिमांड आ रही है। बारिश कम होने के कारण पेयजल योजनाओं के स्रोतों पर पानी का डिस्चार्ज नहीं बढ़ा है। हल्की बारिश से अब लोग सिंचाई आदि नहीं कर रहे है तो डिमांड कम हुई है। वहीं पौड़ी मुख्यालय के कई मोहल्लों में पानी एक दिन छोड़कर आ रहा है। नानघाट पेयजल योजना के स्रोत पर पानी कम होने से यह दिक्कत आ रही है। जलसंस्थान के एई सोहन सिंह जठूड़ी ने बताया पेयजल सप्लाई फिलहाल सामान्य है लेकिन नानघाट का डिस्चार्ज अभी भी नहीं बढ़ पाया है। इसके कारण कुछ जगहों पर एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। यदि डिमांड आ रही है तो विभाग टैंकर से भी पानी दे रहा है।

### प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टर का किया गया दूसरी बार मिलान

चमोली। भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार की अध्यक्षता में गुरूवार को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा का दूसरी बार मिलान किया गया। जिसमें सभी प्रत्याशियों के चुनाव खर्चे से संबधित वाउचर एवं निर्वाचन बैंक खाता, विवरण पत्र आदि का मिलान लेखा टीम के रिकार्ड से किया गया। लेखा टीम द्वारा साक्ष्यों और निर्धारित रेट चार्ट के आधार पर सभी प्रत्याशियों का चुनाव खर्चे का शैडो रजिस्टर तैयार किया गया है। निर्वाचन के दौरान तीन बार प्रत्याशियों के खर्चे का मिलान शैडो रजिस्टर से किया जाता है। जिसमें से दूसरी बार गुरुवार को किया गया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों तथा लेखा टीम के सदस्यों को निर्वाचन व्यय निगरानी और रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी व्यय मामूर जहां, सहायक व्यय प्रेक्षक हनी दहिया, प्रभारी अधिकारी लेखा दल असलम सिद्दीकी तथा राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी, एजेंट आदि उपस्थित थे।

### क्यारी गांव में गुलदार के आतंक से भय बना हुआ

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक की भदूरा पट्टी के ग्राम पंचायत क्यारी में गुलदार का आतंक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्राम प्रधान वीरेंद्र रांगड ने बताया कि शाम होते ही गुलदार गांव के आसपास दिखाई देता है। जिससे ग्रामीणों ने भय बना हुआ है। बताया कि करीब 15 दिन पूर्व ही गांव के सेमल तोक में मोहन लाल की तीन बकरियों को भी गुलदार निवाला बना चुका है। बीती रात को भी गुलदार ने गांव के रोशन लाल की तीन बकरियों को शिकार बना दिया जबकि एक बकरी गुलदार के हमले में घायल हुई है।

# 3 घंटे के लिए मरी थी लड़की, जिंदा होकर बताया, 'दूसरी दुनिया में पहुंच गई थी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई ; हमारी ज़िंदगी इतनी अजीब है कि कुछ घटनाओं पर यकीन ही नहीं हो पाता. कुछ लोग ऐसे दावे कर जाते हैं कि हम उनके बारे में सोच-समझ भी नहीं पाते हैं. कुछ ऐसी ही घटनाएं वे होती हैं, जब लोग दावा करते हैं कि वो मरकर वापस लौटे हैं. ऐसी कई कहानियां हमने सुनी हैं लेकिन एक लड़की ने कुछ अलग ही बताया. उसका दावा है कि वो कुछ घंटे के लिए मरी और फिर जिंदा हो गई. बहुत सारे लोग जानना चाहेंगे कि आखिर मरते वक्त इंसान कैसा महसूस करता है, क्या सोचता है? उसके आखरी शब्द क्या होते हैं? उसे यहां से जाने के बाद दूसरी दुनिया में क्या मिलता है? मारियंद्री कार्देनास नाम की 24 साल की लड़की ने बताया है कि वो सिर्फ 3 घंटे के लिए मरी थी और ये दुनिया छोड़कर स्वर्ग पहुंच गई थी. वहां पर उसे जो दिखा, वो इस दुनिया से बिल्कुल अलग था।

सिर्फ 3 घंटे के लिए मरी थी लड़कीमारियंद्री कार्देनास एक ग्राफिक डिजाइनर है. वो घर से अपना काम कर रही थी, जब उसे अचानक गला रुंधने जैसा महसूस हुआ. उसे लगने लगा कि वो बोल नहीं पा रही है और सब सुन्न होता जा रहा है. उसका शरीर जाम हो रहा था लेकिन उसने बेहोश होने से पहुंचाई गई, जहां डॉक्टरों ने उसे कोमा में रखा. डेली स्टार के मुताबिक मारियंद्री बताती हैं कि उसने आखिरी चीज़ ये सुनी कि डॉक्टर कह रहे थे कि वो हमें छोड़कर जा चुकी है. इसके अगले ही पल उसका इस दुनिया से नाता टूट गया और वो दूसरी दुनिया में पहुंच गई।

'मैं भगवान से मिलकर आई हूं'

लड़की ने बताया कि उस जगह पर बिना सूरज, चांद या तारों के भी उजाला था. इतने पकवान थे, जो मैंने कभी देखे भी नहीं थे. इंसान नहीं बल्कि नूर था. सब एक-दूसरे से मन से बात कर रहे थे, कोई बोलता नहीं था. मुझे अपनी पिछली जिंदगी के बारे में कुछ याद नहीं था. इसी बीच उसकी मुलाकात भगवान से हुई, जो पूरे माहौल को प्रकाशित कर रहे थे. वे बेहद खुश थे और मुस्कुरा रहे थे. वे सबसे बातें कर रहे थे और हंस रहे थे. वहां उसका स्वागत किया गया. वो काफी खुशी और सुकून महसूस कर रही थी।



# देहरादून में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, कंप्यूटर वाइरस हटाने की आड़ में करते थे ठगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 जुलाई : राजपुर क्षेत्र में चल रहे एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है, ये लोग विदेश में बैठे लोगों के कंप्यूटर में पहले वायरस भेजते थे फिर उसे ठीक करने के एवज में मोटी रकम वसूली करते थे। बीते ढाई साल में पुलिस और एसटीएफ देहरादून में छह कॉल सेंटर पकड़ चुकी है।

एसओ राजपुर ने बताया कि उन्हें दून विहार, गली नंबर तीन में एक जिम के ऊपर अवैध अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर चलने की सूचना मिली थी। इस जानकारी के आधार पर सीओ मसूरी की टीम ने वहां छापा मारा। वहां देखा गया कि एक बड़े हॉल में कुछ युवक और युवतियां हेडफोन लगाकर बातचीत कर रहे थे। इस हॉल के बाहर 'टेकिनियो बिजनेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड' का बोर्ड लगा हुआ था। ये खुद को अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए दावा कर रहे थे कि वे कंप्यूटर सिस्टम से वायरस और बग हटाते हैं। इस बहाने से वे लोगों से उनके बैंक खातों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे।



पूछताछ में युवक-युवतियों ने खुलासा किया कि वे सार्थक, शाहरुख, खुशनूर और करुणेश उर्फ करन के लिए काम कर रहे हैं, जिनमें से करुणेश विदेश में रहता है। ये लोग विदेश में बैठे लोगों के कंप्यूटरों में एक वायरस भेजते हैं। जब कंप्यूटर कुछ समय के लिए काम करना बंद कर देता है, तो ये लोग पीड़ितों को कॉल करते हैं। वायरस ठीक करने का दावा करके उनसे गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टो करेंसी में पेमेंट प्राप्त कर धोखाधड़ी करते और फिर उनका नंबर ब्लॉक कर देते हैं ताकि वे लोग उन्हें फिर से संपर्क न कर सकें। इस तरह ये सभी हर महीने अच्छा मुनाफा कमाते हैं। पुलिस टीम द्वारा मौके से कॉल सेंटर संचालक सार्थक, शाहरुख और खुशनूर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और गिरफ्तार किए गए आरोपियों के एक अन्य साथी करुणेश उर्फ करन की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। पुलिस ने मौके से 36 लैपटॉप, 31 हेडफोन, माउस, 5 मोबाइल फोन, चार्जर और 2 मॉडेम बरामद किए हैं।

# हरेला पर्व की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली सभी संबंधित विभागों की बैठक

चमोली। जनपद चमोली में हरेला पर्व के दौरान 16 जुलाई से 15 अगस्त तक वृहत पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। हरेला पर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग लक्ष्य निर्धारित करते हुए आपसी समन्वय और जन सहभागिता के साथ वृहद स्तर पर पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हरेला पर्व पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाए। हरेला पर्व पर वृहद पौधरोपण के लिए सभी विभाग अपना लक्ष्य तय कर बद्रीनाथ वन प्रभाग को उपलब्ध करें। ताकि डिमांड के अनुसार वन विभाग से पौध उपलब्ध की जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ब्लाक, तहसील, थाना, चौकी, स्कूल, वन पंचायत एवं कार्यालय परिसरों में पौधरोपण किया जाए। जल निगम व जल संस्थान विशेष तौर पर पेयजल स्रोत के आसपास, सड़क निर्माणदायी संस्थाएं सड़क किनारे, शिक्षा विभाग सभी विद्यालय परिसर एवं वन एवं पंचायतराज विभाग सभी वन पंचायतों में पौधरोपण करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, महिला एवं युवक मंगल दलों एवं जन सहभागिता से भी हरेला पर्व पर पेयजल स्रोतों, नदी किनारे एवं सरोवरों के आसपास वृहद रूप से पौधरोपण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक उनका संरक्षण भी है। इसलिए पौध लगाने के बाद उसके संरक्षण का भी संकल्प लें।

उप वन संरक्षक सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि हरेला पर्व 16 जुलाई को मनाया जाएगा। आगामी 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष हरेला पर्व की थीम ''पर्यावरण की रखवाली, घर-घर हरियाली, लाए समृद्धि और खुशहाली'' रखा गया है। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व पर 50 प्रतिशत फलदार पौधे और 50 प्रतिशत चारा एवं वन प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें आंवला, काफल, दाड़िम, पदम, अमरूद, तेजपत्ता, सभी प्रकार के सिट्रस प्लांट सहित बांझ, बुरांश, अतीश, हरड, बेहड़ एवं अन्य वन प्रजाति के पौधे शामिल है।

## बारिश से जनपद में चार ब्रांच सड़कें बंद

रुद्रप्रयाग। बुधवार रात हुई बारिश से रुद्रप्रयाग जनपद में 4 ब्रांच सड़कें बंद हैं। जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है। लोनिवि की रुद्रप्रयाग डिविजन में बंद तीन सड़कों में तिमली-मरोड़ा-किरोड़ा, छेनागाड़ बक्सीर और जखनोली-बैंड से कुरछोला मोटर मार्ग शामिल हैं। जबकि ऊखीमठ डिविजन में रांऊलेक-जग्गीबागवान मोटर मोटर मार्ग मलबा आने से बंद है। लोनिवि के ईई इन्द्रजीत बोस ने बताया कि बंद सड़कों को खोलने का काम जारी है। जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं। रुक-रुक कर मलबा आने से सड़कें अवरुद्ध हो रही है। विभागीय स्तर से त्वरित मार्ग खोले जा रहे हैं।

## ओबीसी सर्वेक्षण को लेकर हुई बैठक

नई टिहरी बैठक में एडिशनल डायरेक्टर शहरी विकास विनोद कुमार ने पालिका और नगर निगम ऐक्ट के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अन्य पिछड़े वर्ग की जनगणना पर कोई भी आपत्ति नहीं जताई। बैठक में उपस्थित निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पवार, सभासद आशा टम्टा, ममता, विनीता, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राजपाल पुंडीर आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बदरीनाथ उपचुनाव की मतगणना के लिए लगेंगी 14 टेबल

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को होगी। निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना के लिए गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में पहल रेंडमाइजेशन कर कार्मिकों की तैनाती की गई। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। पहले रेंडमाइजेशन में रिजर्व सहित 17 मतगणना सुपरवाइजर, 18 मतगणना सहायक और 22 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए। इसी तरह पोस्टल बैलेट की गणना के 7 टेबल लगाई जाएंगी। पोस्टल बैलेट के लिए रिजर्व सहित 9 मतगणना सुपरवाइजर, 17 मतगणना सहायक और 9 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए। मतगणना के लिए 6 जुलाई को सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे रेंडमाइजेशन में कार्मिकों की टीम बनाई जाएगी और तीसरे रेंडमाइजेशन में कार्मिकों को टेबल आवंटित की जाएगी। रेंडमाइजेशन के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, रिटर्निंग ऑफिसर आरके पांडेय, सहायक नोडल अधिकारी कार्मिक कुलदीप गैरोला, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य आदि मौजूद थे।

### मंत्री रेखा ने बदरी विशाल के दर्शन किए

चमोली। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। उन्होंने देश और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री रेखा आर्या ने कहा बदरीनाथ में नारायण स्वयं भू-बैकुंठ रूप में विराजमान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में जहां केदारनाथ में पुनर्निर्माण हो रहा है, वहीं बदरीनाथ में भी मास्टर प्लान के तहत कार्य किए जा रहे हैं। चारों धामों में ऑल वेदर सड़क निर्माण का कार्य होने से यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सरल हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु धामों में पहुंच रहे हैं। जिससे राज्य की आर्थिकी बढ़ने के साथ ही स्थानीय लोगों के रोजगार में भी बढ़ोतरी हुई है।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने गोपेश्वर में किया जनसंपर्क

चमोली। इस दौरान विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ सभा कर लोगों से संपर्क किया। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि बदरीनाथ जैसे पवित्र नाम की मर्यादा रखने और लोकतंत्र के सम्मान की जिम्मेदारी हम सबकी है। कांग्रेस प्रत्याशी ने पपड़ियाणा गांव, पाडुली, सुभाष नगर, पठियालधार, विवेकानंद कॉलोनी क्षेत्र में भी जन संपर्क किया। वहीं, गुरुवार को ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पोखरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंच कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट की अपील करते हुए कहा बदरीनाथ विधानसभा चुनाव के निर्णय पर सबकी नजर है। हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस ही नहीं सम्पूर्ण जनता ने विश्वास जताया है कि इस चुनाव में कांग्रेस को ही मतदाताओं का आशीर्वाद मिलेगा।

### वन महोत्सव का आयोजन किया

चमोली। वन महोत्सव के तहत पश्चिमी पिंडर रेंज नारायणबगड़ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बेडुला में गुरुवार को गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर वनक्षेत्राधिकारी अखिलेश भट्ट ने कहा कि जंगलों की सुरक्षा तथा पौधों का रोपण कर ही हम अपने पर्यावरण को संरक्षित रख सकते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक मंशी प्रसाद नैनवाल, दिनेश नैनवाल, वन दारोगा एमपी सती, ललित तिवारी आदि मौजूद रहे।

### गौचर के प्रसंश का आईआईटी मुंबई में चयन

चमोली। गौचर के प्रसंश रावत ने जेईई एडवांस परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त की है। प्रसंश का चयन आईआईटी मुम्बई में हुआ है। प्रसंश की इस उपलब्धि पर परीजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस परीक्षा के लिए प्रसंश ने कोई कोचिंग नहीं ली है। प्रसंश रावत ने दसवीं तक की शिक्षा सैक्रेट हार्ट स्कूल नगरासू/ घोलतीर से की है और इंटरमीडिएट परीक्षा श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल कर्णप्रयाग से उत्तीर्ण की है।

### सकलाना में वन महोत्सव मनाया

नई टिहरी। जौनपुर के जीआईसी मरोड़ा (सकलाना) में नरेंद्रनगर वन प्रभाग की सकलाना रेंज के सहयोग से गुरुवार को वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में पदम, तेजपत्ता, देवदार के पौधों का रोपण किया गया। गुरुवार को वन महोत्सव के प्रधानाचार्य एससी बडोनी, वन बीट अधिकारी हीरा सिंह पंवार, पर्यावरणविद वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी, वन दरोगा प्यार चंद रमोला, वन सरपंच अनुसूया प्रसाद उनियाल ने शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने और मानव जीवन की बेहतरी के लिए पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है।

# महान कर्टली एम्ब्रोस ने चुने विश्व क्रिकेट के तीन सबसे महान खिलाड़ी, दो भारतीय शामिल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 05 जुलाई : विश्व क्रिकेट के सबसे महान गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस ने तीन ऐसे बल्लेबाजों के नाम का चुनाव किया है जो किसी भी दशक में खेलते तो महान बल्लेबाज कहलाए जाते. एक इंटरव्यू के दौरान एम्ब्रोस ने अपने पसंद के तीन बल्लेबाजों के नाम बताएं हैं जो किसी भी एरा में डोमिनेट करते. एम्ब्रोस ने वर्तमान में विराट कोहली को दुनिया का सबसे महान बल्लेबाज माना है. पूर्व वेस्टइंडीज गेंदबाज ने अपनी बात रखते हुए कहा है कि, कोहली वर्तमान में महान बल्लेबाज हैं. विश्व क्रिकेट में कुछ ऐसे बल्लेबाज होते हैं जो किसी भी एरा में खेलते तो डोमिनेट करते।

कोहली को लेकर एम्ब्रोस ने कहा, ₹ विराट महान बल्लेबाज हैं, जैसे वो वर्तमान क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी से डोमिनेट कर रहे हैं, वैसे ही वो किसी भी एरा में खेलते तो डोमिनेट करते. मेरे समय में भी कोहली महान बल्लेबाज कहलाते. विराट के अलाना सचिन तेंदुलकर भी ऐसे ही बैटर रहे हैं. उन्होंने मेरे समय में खूब डोमिनेट किया है. अगर वो इस समय भी खेलते तो ऐसे ही कमाल करते. इसके अलावा विवियन रिचर्ड्स ऐसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी समय खेलते तो गेंदबाज उनके सामने गेंदबाजी करने से कांपते. इस लिस्ट में मैं रिकी पोंटिंग का भी नाम लूंगा, ये ऐसे बैटर हैं जो किसी भी एरा में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचाने में सफल रहते.₹

Curtly Ambrose की बात करें तो इस गेंदबाज ने वेस्टइंडीज के लिए 1988 में टेस्ट मैच खेलकर डेब्यू किया था. कर्टली एम्ब्रोस ने अपना आखिरी टेस्ट मैच इंग्लैंड के खिलाफ साल 2000 में खेला था. अपने टेस्ट करियर में इस खतरनाक गेंदबाज ने 98 टेस्ट में 405 विकेट तो वहीं, वनडे में 176 मैच खेलकर कुल 225 विकेट लेने में सफल रहे थे. एम्ब्रोस और कोर्टनी वॉल्श की तेज गेंदबाजी जोड़ी को दुनिया का सबसे खतरनाक गेंदबाजी जोड़ी के रूप में याद किया जाता है। महान कर्टली एम्ब्रोस ने भारत के खिलाफ करियर में कुल 9 टेस्ट मैच खेले और इस दौरान 15 विकेट लेने में सफल रहे थे. वहीं, वनडे में भारत के खिलाफ इस गेंदबाज ने कुल 25 मैच खेले और इस दौरान 32 विकेट लेने का कमाल किया था।

## संपादकीय



# संसद में आक्रामकता

संसद सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो चुका है। राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव दोनों सदनों में पारित किया जा चुका है, लेकिन जो देश के मानस को निरंतर मथता रहेगा, वह संसदीय अराजकता है। यह बिल्कुल भी अपेक्षित और स्वीकार्य नहीं है। संसद में अब नियमों का उल्लंघन किया जाता रहेगा। राज्यसभा में उपराष्ट्रपति एवं सभापति और लोकसभा में स्पीकर मर्यादा और गरिमा की बार-बार दुहाई देना छोड़ दें, क्योंकि अब संसद में हिट एंड रन की राजनीति खेली जाएगी। अब संसद में भी प्रधानमंत्री एवं लोकसभा सदन के नेता का भाषण बाधित किया जाता रहेगा। यह मोदी-विरोधी रवैया और रणनीति है। आखिर देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसदीय अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के संदर्भ में अंतिम जवाब कौन देगा? राष्ट्रपति ने किसे प्रधानमंत्री बनाया है? अधिकांश जनादेश किसके पक्ष में है? विपक्ष के मुताबिक, सत्ता पक्ष के एक-तिहाई जनादेश के मायने क्या हैं? विपक्ष को इन सवालों के जवाब कौन समझाएगा? हमने लोकसभा में यह पहली बार देखा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर दो घंटे 13 मिनट का भाषण दिया और उतनी ही देर तक विपक्ष के सांसद 'वेल' में और अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करते रहे। कमाल की क्षमता है भई! नारों का शोर इतना कानफाड़ू था कि प्रधानमंत्री के भाषण के तथ्य और भाषा बाधित हो रहे थे। अंततः प्रधानमंत्री को हैडफोन लगाना पड़ा, ताकि उन्हें शोर कम सुनाई दे और वह अपनी बात आराम से कह सकें। प्रधानमंत्री उस माहौल में भी बोलते रहे, क्योंकि मुख्यमंत्री रहते हुए और 2019 के प्रधानमंत्री काल में वह ऐसे शोर और विरोध को झेलते रहे हैं। सांसदों को नेता प्रतिपक्ष ने 'वेल' में जाने को उकसाया और बाध्य किया, लिहाजा स्पीकर ओम बिरला को उन्हें चेतावनी देनी पड़ी। क्या नेता प्रतिपक्ष की यह भूमिका भी होती है? जब नेता विपक्ष सदन में बोल रहे थे, तब प्रधानमंत्री समेत कुछ मंत्रियों ने उनके कथन पर आपत्ति जरूर की थी। सत्ता पक्ष ने शोर मचा कर, नारेबाजी करते हुए बाधित नहीं किया था। स्पीकर ने नियमों और संसदीय अनुशासन के बार-बार पाठ पढ़ाए, लेकिन विपक्षी सांसद आमादा थे कि प्रधानमंत्री के भाषण में रोड़े जरूर अटकाने हैं। यही उनकी राजनीतिक रणनीति थी, एजेंडा था। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर संसद की चर्चा के जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी करीब एक घंटा 50 मिनट तक बोले। विपक्ष उच्च सदन में भी नारेबाजी कर हंगामा मचाता रहा। चूंकि वहां विपक्ष की संख्या कम है और सांसद भी कम थे, लिहाजा विपक्ष ने संविधान के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष को न बोलने देने के मुद्दे पर बहिर्गमन की रणनीति अख्तियार की। सभी ने वॉकआउट किया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने टिप्पणी की कि देश देख रहा है कि झूठ फैलाने वालों में सत्य सुनने की ताकत नहीं है। उन्होंने जो सवाल उठाए, उनके जवाब सुनने की हिम्मत नहीं थी, लिहाजा मैदान छोड़ कर बाहर चले गए। बेशक संसद में अवरोध पैदा किए जाते रहे हैं, विपक्ष ने नारेबाजी-पोस्टरबाजी समेत हंगामे भी किए हैं, भाजपा ने भी विपक्ष के तौर पर कई-कई दिन तक सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी, लेकिन प्रधानमंत्री के संभाषण या बयान को कभी अवरुद्ध नहीं किया गया। विपक्ष का मौजूदा अवरोध और विरोध ही संसद की अराजकता है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में नहीं होगा बदलाव

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की 14 जुलाई को होने वाली पीसीएस परीक्षा-2024 की प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। कुछ अभ्यर्थियों ने आयोग को अनुरोध पत्र भेजकर पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा में परिवर्तन किए जाने का अनुरोध किया था। आयोग ने अभ्यर्थियों के अनुरोध पत्रों पर विचार के बाद स्पष्ट किया है कि पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ऐसे में प्रारंभिक परीक्षा की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है।

## विशाल भट्ट बने हरिद्वार प्रभारी

हरिद्वार। विशाल भट्ट को विश्व हिंदू महासंघ का विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और कुनाल पंवार को सचिव मनोनीत किया गया। प्रेस को दी जानकारी में नवीन भैया और जिलाध्यक्ष सोनू कश्यप ने कहा कि विश्व हिन्दू महासंघ देश के लिए समान विचाराधारा, हिन्दूत्व की रक्षा, भारतीय संस्कृति को लोगों तक पहुंचाने वाला मंच है।

## तीन किलो गांजे समेत दो लोग धरे

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस के हत्थे चढ़े दो आरोपियों के कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद किया गया है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि कंपनी तिराहा पर चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार दो युवकों को रोका गया। उनकी तलाशी लेने पर बैग से गांजा बरामद हुआ। थाने लाकर की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तुषार कुमार निवासी ग्राम बीरूवाला थाना डिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी बंगाली मोड़ थाना कनखल और अरुण कुमार निवासी ग्राम सरकडा थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद हाल पता बंगाली मोड़ कनखल बताया। बताया कि आरोपियों का एडीपीएस ऐक्ट के तहत चालान कर दिया गया है।

## पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप

हरिद्वार। सिडकुल क्षेत्र की एक महिला ने पति पर अश्लील हरकत करने और अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुरुवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक महिला ने पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया कि उसका विवाह चौदह साल पहले हुआ था। आरोप है कि विवाह के तीन साल बाद पति के अन्य महिलाओं से अवैध संबंध होने की जानकारी हुई। विरोध करने पर उसे पीटा जाने लगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, हल्द्वानी से चोरी की स्कूटी भी बरामद

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने गंगनाथ मन्दिर एनटीडी में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक युवक को एनटीडी अल्मोड़ा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान, दानपात्र से चोरी की गई नगदी के अतिरिक्त एक चोरी की स्कूटी बरामद की है। मंगलवार को हेमेन्द्र सिंह मटियानी ने गंगनाथ मंदिर एनटीडी से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर की सामग्री व दान पात्र से नगदी आदि चोरी हो जाने के सम्बन्ध में कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी थी। जिस पर कोतवाली अल्मोड़ा में अज्ञात के विरुद्ध धारा 305(डी)/331(2) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई थी। कोतवाली अल्मोड़ा प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र देउपा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गहन सुरागरसी-पतारसी करते हुए गंगनाथ मंदिर एनटीडी में चोरी के आरोपी संतोष धामी (19 वर्ष) पुत्र स्व मोहन सिंह निवासी ग्राम गलाती, धारचूला जिला पिथौरागढ़ को बुधवार को गंगनाथ मंदिर के पास एनटीडी से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से गंगनाथ मंदिर एनटीडी से चोरी का सामान, नकदी के अतिरिक्त एक स्कूटी संख्या यूके04-वाई-7846 बरामद की गयी। एफआईआर से सम्बन्धित बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी के उपरांत पंजीकृत एफआईआर में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह स्कूटी होंडा एक्टिवा UK04-Y-7846 को हल्द्वानी से चोरी करके लाया है। यहाँ कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस टीम से एसआई देवेन्द्र सिंह नेगी, एसआई रमेश सिंह नेगी, एसआई दिनेश सिंह परिहार, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, आसिफ हुसैन शामिल रहे।

### कसारदेवी और चितई में बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकियां

अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी देवेन्द्र पींचा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा पुलिस तक जनता की पहुंच को आसान बनाने के लिए 02 अस्थाई चौकियों का सृजन किया गया है। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, सुदृढ़ कानून/ सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी पुलिसिंग, यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने हेतु जनपद अल्मोड़ा में 02 अस्थाई चौकियां, कोतवाली अल्मोड़ा क्षेत्र के कसारदेवी व चितई में खोली गई हैं। अस्थाई चौकी कसार देवी में प्रभारी उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह नेगी व हेड कांस्टेबल संदीप कुमार पाण्डे, कांस्टेबल विमल टम्टा, सोनू कुमार, कमल किशोर तथा अस्थाई चौकी चितई में एएसआई जयपाल सिंह व हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन, कांस्टेबल लक्ष्मण नाथ, सौरभ कुमार को नियुक्त कर तैनात किए गए हैं।

### पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने पूर्व सीएम हरीश रावत को बताई अल्मोड़ा की जनसमस्याएं

अल्मोड़ा। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने देहरादून में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात कर हरिद्वार लोकसभा चुनाव की समीक्षा कर उस पर गहन चिंतन मंथन किया। इससे पूर्व कर्नाटक द्वारा हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर पर बैठक कर लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई। कर्नाटक ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को अल्मोड़ा की जन समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि अल्मोड़ा की रानीधारा सड़क लगातार लोगों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। सड़क सुधारीकरण की कोई भी कार्रवाई अभी तक अमल में नहीं लाई गई है, साथ ही गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग एवं एनटीडी धारकीतूनी संपर्क मार्ग की दुर्दशा के बारे में उन्हें अवगत कराया। कर्नाटक ने अल्मोड़ा की लगातार बिगड़ रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने अल्मोड़ा की अन्य समस्याओं पर उनका ध्यान केंद्रित किया और लिखित रूप में समस्याएं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को सौंपी और आशा की कि वे सूबे के मुख्यमंत्री से इस संबंध में वार्ता कर अल्मोड़ा की जन समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करेंगे और उनका यह प्रयास निश्चित रूप से सफल होगा।

### खाते आधार से जुड़े नहीं होने पर छात्रवृत्ति का नहीं हो पाएगा भुगतान

अल्मोड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी ने बताया कि आईटी सेल समाज कल्याण, उत्तराखण्ड देहरादून से शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति/पिछड़ी जाति/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं में जिन छात्र/छात्राओं के खाते आधार सीडिंग/डीबीटी इनेबल नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति धनराशि फेल हुई है उन फेल हुए आवेदनों की सूची ई-मेल द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रत्येक छात्र/छात्राओं का बैंक खाता आधार से सीडिंग होना अनिवार्य है लेकिन कतिपय छात्र/छात्राओं के बैंक खाते अभी भी आधार सीडिंग नहीं हुए जिस कारण छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान की कार्यवाही नहीं की जा सकी है उन आवेदनों की सूची सम्बन्धित शैक्षणिक संस्थानों को ई-मेल द्वारा प्रेषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित संस्थानों के छात्र/छात्राओं एवं संस्थाध्यक्षों को सूचित किया है कि ऐसे छात्र जिनका एनएसपी पोर्टल पर स्टेटस वेरीफाई बाय डिसट्रिक्ट नोडल आफिसर दर्शा रहा है, वे छात्र/छात्रा अपना बैंक खाता तत्काल आधार से लिंक कराना सुनिश्चित करेंगे। जिन छात्र/छात्राओं के द्वारा अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया जाता है तो उनकी छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं होगा जिसके लिए छात्र/छात्रा स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ का महासंगम 25 अगस्त को हरिद्वार में

अल्मोड़ा। उत्तराखंड प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रांतीय महामंत्री अवधेश पन्त ने बयान जारी कर कहा कि उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 25 अगस्त रविवार को हरिद्वार जनपद में देश के तमाम प्रदेशों के स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारियों के प्रांतीय प्रतिनिधियों का एक महासंगम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने उत्तराखंड के समस्त जनपदों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों परिवारों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति का धरना 13वे दिन भी रहा जारी

अल्मोड़ा। रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति का धरना 13 वे दिन भी जारी रहा। महिलाओं ने धरने को समर्थन देते हुए कहा कि जब तक शिव मंदिर से सेवा सदन तक मार्ग निर्माण व रानीधारा मार्ग में सीवर लाइन निर्माण की एसआईटी जांच की मांग को सरकार नहीं मानती धरना-आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर उपस्थित लोगों ने कहा कि होने वाले कार्यों की गुणवत्ता का मानक यह तय किया गया है कि मार्ग के बनने के बाद लोगों के घरों में पानी न आए, साथ ही अगली बरसात में मार्ग की क्या स्थिति रहती है इससे मार्ग की गुणवत्ता तय होगी।

# धामी सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्य और ऐतिहासिक फैसले : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 05 जुलाई : प्रदेश के कृषि एव कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने हरिद्वार डाल कोटी स्थित अतिथि गृह में धामी सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा इन तीन वर्षो में उत्तराखंड में कई ऐतिहासिक फैसले तथा अनेकों जनहित के दृष्टिगत विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून, दंगारोधी कानून, लैंड जिहाद जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सरकारी नौकरी ने महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षेतिज आरक्षण लागू किया गया है। इससे महिला सशक्तिकरण को और अधिक बल मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके सभी आश्रित पात्रों के लिए 10 प्रतिशत



क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया गया।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा नारी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रोजेक्ट कॉस्ट का 30 प्रतिशत या एक लाख रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु लखपति दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। वर्तमान में करीब 80 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सलाना पांच से सात लाख कमाकर लखपति दीदी बनी है। सरकार ने 2025 तक 1.50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार की तरफ से प्रदेश में खरीद पर किसानों को 20 रूपए प्रति कुंतल का बोनस दिया जा रहा है। इसके साथ ही गन्ना के मूल्य में 20 रूपए प्रति क्विंतल की वृद्धि की गई है।

राज्य सरकार किसानों को तीन लाख रूपए तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही किसानों को 'फार्म मशीनरी बैंक' योजना के अंतर्गत 80 फीसदी तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगभग साढ़े चार हजार जैविक क्लस्टरों में काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा किसान सम्मान निधि के माध्यम से वर्तमान में प्रदेश में योजना के अंतर्गत किसानों की संख्या 9.13 लाख है, जिसमें राज्य के 771567 किसानों को रुपए 166.08 करोड़ की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की गई। सरकार ने मिलेट्स के तहत मंडुवे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 35.78 रू.तय किया है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को भी वितरित किया जा रहा है। 2025 तक मिलेट उत्पादन को दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा उत्तराखंड में पांचवें धाम के रूप में देहरादून में शहीद सैनिकों को समर्पित सैन्यधाम की स्थापना की जा रही है। सैन्यधाम के निर्माण के लिए प्रदेश के 1734 शहीद सैनिकों के आंगन की मिट्टी लाई गई है। जिसका कार्य तेजी से चल रह है शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित किया जा रहा है। अब तक आश्रित परिवारों के 26 लोगों को राजोगर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा मुखामंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उतराखंड सरकार ने वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों को देय एकमुस्त अनुदान राशि में वृद्धि की है। उन्होंने कहा प्रदेश में गंगा के किनारे 5 कि०मी० के कोरिडोर में प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने हेतु 'नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कोरिडोर योजना' बनाने हेतु कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि तीन वर्षो के कार्यकाल के में शिक्षा स्वास्थ्य, युवा, किसान, रोजगार सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के चौमुखी विकास तथा देश से अग्रणी राज्यों में उत्तराखंड को शामिल करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# विकास के लिए मंगलौर की जनता ने भाजपा को विजय बनाने का मन बना लिया है : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की 05 जुलाई : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलौर विधानसभा के लिब्बारेड़ी ओर नारसन खुर्द में उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना के समर्थन में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग कर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आगामी 10 जुलाई को मतदान दिवस के दिन भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना के पक्ष में मतदान की अपील की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं वह अभूतपूर्व हैं। उन्होंने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण और चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी हेतु 33% आरक्षण लागू किया। अब देश महिला विकास से महिला नेतृत्व वाले विकास की दिशा में बढ़ रहा है। मंत्री ने कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में





प्रदेश की बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा स्वयं सहायता समूहों की मदद से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा समूहों के माध्यम से माता बहनों को धामी सरकार मजबूत करने का काम कर रही है।

मंत्री ने कहा आज देशभर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक 1.50 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा जनसभा में यहां उपस्थित मातृशक्ति की ऊर्जा व उत्साह से स्पष्ट है कि मंगलौर की माताओं और बहनों ने भाजपा को विजय बनाने का मन बना लिया है। इस दौरान समूह की माताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया गया। मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने का भी उपस्थित लोगों से आव्हान किया।

इस अवसर पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानंद, जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, जिला महामंत्री अरविंद गौतम, अशोक चौधरी, आदित्य बृजवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतिभा चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक सचिन चौधरी, पार्षद नवनीत शर्मा, विनीत गौयल, सतीश सैनी, रोमा सैनी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## फीस वृद्धि और नियुक्तियों में जांच की मांग को लेकर धरना जारी

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के छात्रों ने गुरुवार को फीस वृद्धि के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। मौके पर छात्रों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा में धांधली की जांच कराने की मांग भी उठाई है।गढ़वाल विवि के छात्र मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। छात्रों ने कहा कि जब तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। गढ़वाल विवि के छात्रसंघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल और आर्यन छात्र संगठन से जुड़े नीरज पंचोली ने कहा कि गढ़वाल विवि ने प्रवेश, आवेदन फॉर्मों, परीक्षा फॉर्मों सहित माइग्रेशन और डिग्री तक की फीसों में वृद्धि कर दी है। कहा कि गढ़वाल विवि लगातार फीस वृद्धि कर छात्रों के शिक्षा के अधिकारों का हनन कर रहा है। आरोप लगाया कि प्रति कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उन्हें पद पर बने रहने दिया जा रहा जो कि नियम विरुद्ध है। साथ ही परीक्षाओं में लगातार धांधली की जा रही है। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि विवि में दो नई बसें जो आने के बाद अभी तक खड़ी हैं। छात्रों को विवि के चौरास परिसर से बिड़ला परिसर तक पैदल ही आना पड़ रहा है। कहा कि बीते तीनों दिनों से कोई भी सक्षम अधिकारी छात्रों की सुध लेने नहीं पहुंचा है।

जिससे छात्रों में आक्रोश और बढ़ रहा है। आर्यन छात्र संगठन से जुड़े छात्र नेता नीरज पंचोली ने कहा कि छात्रों की फीस में वृद्धि कर छात्रों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। कहा विवि में परीक्षाओं समेत नियुक्तियों में धांधली हो रही हो जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। छात्रों ने विवि प्रशासन से जल्द से जल्द विवि के प्रतिकुलपति को पद से हटाने, फीस वृद्धि वापस लिए जाने, नई बसों का संचालन करने, पीएचडी प्रवेश परीक्षा की जांच करने की मांग की। कहा कि अगर विवि प्रशासन छात्रों के हितों में फैसला नहीं लेता है तो छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धरने पर पुनीत अग्रवाल, बिरेंद्र बिष्ट, कैवल्य जखमोला, अनुराजा, साहिल करासी सहित आदि मौजूद थे।

## शिक्षक नेगी को विदाई दी

श्रीनगर गढ़वाल। ब्लॉक खिर्सू के राजकीय इंटर कॉलेज भट्टी सेरा में शारीरिक शिक्षक के पद पर तैनात गजपाल सिंह नेगी की सेवानिवृत्ति पर ब्लॉक शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। इस मौके शिक्षकों ने उनकी अभूतपूर्व सेवा के लिए उन्हें सम्मानित कर बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि बतौर शिक्षक अपने 38 वर्ष के सेवाकाल के दौरान छात्रों और विद्यालय के लिए नेगी ने बहुत से कार्य किए हैं। विदाई समारोह के दौरान जयकृत सिंह भंडारी, दलवीर सिंह,दीवान सिंह आदि मौजूद रहें।

## रामपुर में रेलवे प्रभावितों ने रोका रेल परियोजना का निर्माण कार्य

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कोट के अंतर्गत कांडी, रामपुर, मरगुड़ गांव के लोग इससे प्रभावित हैं। रामपुर में रेल परियोजना का निर्माण कार्य ग्रामीणों ने रुकवा दिया। रामपुर, कांडी, मरगुड रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय खंडूड़ी ने कहा कि परियोजना में उपयोग होने वाले विस्फोटकों के प्रयोग से खेतों और मकानों में गहरी दरारें पड़ गई हैं। ग्रामीणें को क्षतिग्रस्त हुए आवासीय भवनों का मुआवजा नहीं मिला हैं। स्थानीय प्रशासन और कार्यदायी संस्था से कई बार ग्रामीण मुआवजे की मांग करी चुके हैं। अनीता देवी, पिताम्बरी देवी, विनीता देवी ने कहा कि दरारें और टूटे हुए घर में रहने से डर लगता है।

## गढ़वाल विवि से सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर करना होगा पंजीकरण

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के तीनों परिसरों सहित संबद्ध महाविद्यालयों के नए सत्र 2024-25 में प्रवेश को लेकर गुरुवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि गढ़वाल विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीकरण समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही होंगे। गढ़वाल विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में पिछले तीन वर्षों से समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही प्रवेश के लिए पंजीकरण किए जाते रहे हैं, लेकिन संबद्ध महाविद्यालय छात्रों को प्रवेश देने के लिए अपने स्तर से पंजीकरण करते रहे हैं। कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि संबद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में अब छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल में पंजीकरण करने के बाद ही प्रवेश ले सकेंगे। जबकि स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही प्रवेश होंगे। बताया कि बैठक में समर्थ पोर्टल में आ रही समस्याओं को भी सुना गया। कहा कि गढ़वाल विवि से संबद्ध महाविद्यालय/संस्थानों को गूगल फॉर्म के माध्यम से आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध करने के लिए कहा गया है। जिससे समर्थ पोर्टल में इन आवश्यक सूचनाओं को सम्मिलित किया जा सके और छात्र बिना किसी व्यवधान के अपना पंजीकरण आसानी से कर सकें। गढ़वाल विवि की कुलपति प्रो.अन्नपूर्णा नौटियाल ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को विवि के तीनों परिसरों एवं संबद्ध महाविद्यालय में प्रवेश में एकरूपता व्यवस्था लागू करने को निर्देशित किया है। बैठक में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश डोढी, वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार, मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. जेएस चौहान, एफिलिएटिड कॉलेजों के प्राचार्य सहित समर्थ पोर्टल के अधिकारी आदि मौजूद थे।